## हकृवि में सामूहिक पौधरोपण किया

**हिसार** | एचएयू के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधरोपण एवं 'सेवा पखवाड़ा' समापन समारोह आयोजित किया गया। भू-दृश्य संरचना इकाई एवं उपसंपदा कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और अमलतास का पौधा लगाया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह अभियान मां के प्रति सम्मान व पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की अनोखी पहल है। सेवा पखवाड़े के दौरान पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण अभियान सहित विभिन्न प्रकार के समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। भू-दृश्य संरचना इकाई के विभागाध्यक्ष एवं कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5-10-25 | 5 | 7-8 |

## हंकृवि में सामूहिक पौधारोपण व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन



*पौधारोपण करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज*

हिसार, 3 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में –'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण एवं 'सेवा पखवाड़ा' समापन समारोह आयोजित किया गया। भू-दृश्य संरचना इकाई एवं उपसंपदा कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि शिरक्त की और अमलतास का पौधा लगाया। कुलपति ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण अभियान सहित विभिन्न प्रकार के समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष सहित कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 4-10-25 | 5 | 6-8 |

# मां की याद में पौधा लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में सामूहिक पौधारोपण तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन

हिसार, 3 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में -'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण एवं 'सेवा पखवाड़ा' समापन समारोह आयोजित किया गया। भू-दृश्य संरचना इकाई एवं उपसंपदा कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि शिरक्त की और अमलतास का पौधा लगाया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान और स्मृति में एक पौधा लगाकर न केवल अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है बल्कि धरती मां के संरक्षण में भी योगदान देता है। इस अभियान से भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है, जिससे पौधे को परिवार का सदस्य मानकर उसकी देखभाल की जाती है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और बढ़ते तापमान जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान से लोगों में पेड़ -पौधों और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह अभियान मां के प्रति सम्मान व पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की अनोखी पहल है। पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। पेड़ पौधों से विभिन्न प्रकार की औषधियां और जड़ी बूटियां मिलती हैं जो विभिन्न रोगों के इलाज में इस्तेमाल होती हैं। कुलपति ने कहा कि सेवा पखवाड़ा मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में सेवा भाव की भावना जागृत करके लोकहित के कार्यों को बढ़ावा देना है। सेवा पखवाड़े के दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण अभियान सहित विभिन्न प्रकार के समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। भू- दृश्य संरचना इकाई के विभागाध्यक्ष एवं कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर, कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष सहित कर्मचारी भी मौजूद रहे।



पौधारोपण करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 5-10-25 | 12 | 6-8 |

# मां की याद में रोपित करें पौधा

**हकृवि में सामूहिक पौधरोपण तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधरोपण एवं 'सेवा पखवाड़ा' समापन समारोह आयोजित किया गया।

भू-दृश्य संरचना इकाई एवं उपसंपदा कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरक्त की और अमलतास का पौधा लगाया।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ।

## सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम का आयोजन

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान और स्मृति में एक पौधा लगाकर न केवल अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है बल्कि धरती मां के संरक्षण में भी योगदान देता है। भू- दृश्य संरचना इकाई के विभागाध्यक्ष एवं कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर, कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 4-10-25 | 2 | 7-8 |

## पौधरोपण के साथ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हुआ। भू-दृश्य संरचना इकाई एवं उपसंपदा कार्यालय की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और अमलतास का पौधा लगाया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर, कृषि महाविद्यालय बावल व कौल और कृषि विज्ञान केंद्रों में भी अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 03.10.2025 | -- | -- |


# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हकृवि में सामूहिक पौधरोपण व सेवा पखवाड़ा संपन्न



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण एवं 'सेवा पखवाड़ा' समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और अमलतास का पौधा लगाया।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान और स्मृति में एक पौधा लगाकर न केवल अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है बल्कि धरती मां के संरक्षण में भी योगदान देता है। इस अभियान से भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है, जिससे पौधे को परिवार का सदस्य मानकर उसकी देखभाल की जाती है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और बढ़ते तापमान जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान से लोगों में पेड़ - पौधों और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर, कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष सहित कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 03.10.2025 | -- | -- |

# हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए पौधे



नभ-छोर न्यूज ⏭ 03 अक्टूबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण एवं सेवा पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरक्त की और अमलतास का पौधा लगाया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान और स्मृति में एक पौधा लगाकर न केवल अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है बल्कि धरती मां के संरक्षण में भी योगदान देता है। इस अभियान से भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है, जिससे पौधे को परिवार का सदस्य मानकर उसकी देखभाल की जाती है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और बढ़ते तापमान जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान से लोगों में पेड़ -पौधों और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। भू- दृश्य संरचना इकाई के विभागाध्यक्ष एवं कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर, कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5-10-25 | 3 | 4 |

## एचएयू: राष्ट्रीय एकता शिविर में पहुंचेंगे 16 राज्यों के स्वयंसेवक

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से 8 से 14 अक्टूबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में देश के विभिन्न 16 राज्यों से 200 स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। इनमें 100 लड़के एवं 100 लड़कियां शामिल होंगी। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन को लेकर कृषि कॉलेज के सभागार में आयोजित बैठक की। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के विभिन्न 29 विश्वविद्यालयों से 100 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। जिसमें 50 लड़के व लड़कियां होंगी। शिविर में अन्य राज्यों से भी 100 स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-10-25 | 2 | 3-4 |

# राष्ट्रीय एकता शिविर आठ से होगा शुरू

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 8 से 14 अक्टूबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में देश के विभिन्न 16 राज्यों से 200 स्वयं सेवक भाग लेंगे जिनमें 100 लड़के एवं 100 लड़कियां शामिल होंगी। यह जानकारी छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन को लेकर कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में दी।



राष्ट्रीय एकता शिविर को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डा. एसके पाहुजा • पीआरओ

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 4-10-25 | 1 | 1 |

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर 8 से

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से 8 से 14 अक्तूबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में देश के विभिन्न 16 राज्यों से 200 स्वयं सेवक भाग लेंगे। इनमें 100 लड़के एवं 100 लड़कियां शामिल होंगी। यह जानकारी छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन को लेकर कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के विभिन्न 29 विश्वविद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग लेंगे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 5-10-25 | 12 | 1-2 |

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर 8 से 14 अक्टूबर तक

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 8 से 14 अक्टूबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में देश के विभिन्न 16 राज्यों से 200 स्वयं सेवक भाग लेंगे जिनमें 100 लडके एवं 100 लड़कियां शामिल होंगी। यह जानकारी छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन को लेकर कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के विभिन्न 29 विश्वविद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें 50 लडके व 50 लड़कियां होगी। शिविर में अन्य राज्यों से भी 100 स्वयंसेवक भाग लेंगे। डॉ. पाहुजा ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जाएंगी। शिविर का प्रारंभ प्रतिदिन योगाभ्यास से किया जाएगा। इसके पश्चात एकेडमिक सेशन, मोटिवेशन सेशन के अलावा सांस्कृतिक गतिविधियां की जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 4-10-25 | 5 | 4-5 |

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर 8 से 14 तक

हिसार, 3 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 8 से 14 अक्तूबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में देश के विभिन्न 16 राज्यों से 200 स्वयं सेवक भाग लेगे जिनमें 100 लड़के एवं 100 लड़कियां शामिल होंगी। यह जानकारी छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन को लेकर कृषि महाविद्यालय के संभागार में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के विभिन्न 29 विश्वविद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग लेगे। जिसमें 50 लड़के व 50 लड़कियां होगी। शिविर में अन्य राज्यों से भी 100 स्वयंसेवक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। प्रत्येक कमेटी के अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य निर्धारित समय पर पूरे किए जाएं। डॉ. पाहुजा ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जाएंगी। शिविर का प्रारंभ प्रतिदिन योगाभ्यास से किया जाएगा। इसके पश्चात एकेडमिक सेशन, मोटिवेशन सेशन के अलावा सांस्कृतिक गतिविधियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों से आने वाले स्वयंसेवकों को हरियाणा प्रदेश की संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए अनेक ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 4-10-25 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर 8 से, 200 स्वयं सेवक लेंगे भाग

हिसार, 3 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 8 से 14 अक्तूबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में देश के विभिन्न 16 राज्यों से 200 स्वयं सेवक भाग लेंगे, जिनमें 100 लड़के एवं 100 लड़कियां शामिल होंगी। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन को लेकर कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के विभिन्न 29 विश्वविद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।